53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.4°c
अधिकतम 33.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:04, सूर्यास्त - 6:22 | वर्ष : 53/अंक : 257 बुधवार, 17 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जो व्यक्ति बिना संघर्ष के मंजिल पा लेता है, उसकी जिंदगी अनुभवहीन रह जाती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

'चलो जीतें रथ' के जरिये प्रधानमन्त्री मोदी के संघर्ष और सादगी की कहानी घर-घर पहुँचेगी : सम्राट चौधरी



अपने नेता के जन्मोत्सव में जनता भी शामिल हो जाएगी......




# सेवा पखवाड़ा



## भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
## श्री नरेन्द्र मोदी जी
## के "जन्मदिवस" के शुभ अवसर पर




## भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर 'संकल्प'
द्वारा आयोजित

# विशाल रक्तदान शिविर

बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 | समयः - प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक

स्थानः- तुलसीधाम पार्क, शिव चौक, मुजफ्फरनगर

देश के प्रधानमंत्री हैं महान, उनके जन्मदिन पर करें
**विशाल रक्तदान**



नीरज अग्रवाल | अवनीश गोयल
अध्यक्ष | सचिव

अरूण राजवंशी | श्रीमती विभा गर्ग
कोषाध्यक्ष | संयोजिका महिला सहभागिता



विशिष्ट अतिथि-
**श्री भीम कंसल** (उद्योगपति)

मुख्य अतिथि-
**श्री अंकुर दुआ**
सम्पादक - मुजफ्फरनगर बुलेटिन, सदस्य - भारतीय प्रेस परिषद

समस्त सदस्यगण, भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर 'संकल्प'

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 257 बुधवार, 17 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास, तीन आरोपियों को किया गया बरी

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** चार साल पहले पत्नी की हत्या को अंजाम देने वाले पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है, जबकि सबूत के अभाव में कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी भी कर दिया। एडीजीसी आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरठ थाना सरधना के मोहल्ला किला निवासी नसीम ने अपनी बेटी खुशनुमा की शादी वर्ष 2013 में बुढ़ाना थाना क्षेत्र के करबला रोड निवासी वसीम के साथ की थी। बेटी के संतान न होने के कारण पति व ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ लगातार मारपीट करते थे। घटना 5 सितम्बर 2021 की है, जब पति वसीम व अन्य आरोपी तसव्वुर, शमीम व सकुन ने मिलकर उनकी बेटी की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी थी। उस समय पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी। एडीजे कोर्ट नम्बर 1 के न्यायाधीश रविकांत की कोर्ट में सुनवाई हुई, तो कोर्ट में 7 गवाह अभियोजन की तरफ से पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी पति वसीम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं कोर्ट ने आरापी तसव्वुर, शमीम व सकुन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

# एक नहीं दो कंस मामाओं ने झगड़े में ले ली 11 वर्षीय मासूम की जान

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** नगर में हुई एक हृदय विदारक घटना ने उस समय सनसनी फैला दी जब कंस बने मामाओं ने 11 महीने के मासूम को मौत के घाट उतार दिया। रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमपुरी की है, जहां दो भाइयों द्वारा अपनी बहन को गला दबाकर जान से मारने की कोशिश के बीच 11 महीने के मासूम की मौत हो गई। इस दौरान गंभीर घायल महिला को जिला अस्पताल भेजे गया, जहां से उनको अति गंभीर हालत के चलते उपचार के लिए दिल्ली के हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है और उनके कई ठिकानों पर दबिश भी जारी है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।





एसपी सिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि, मोहल्ला प्रेमपुरी में पार्वती अपने विवाहित बेटी 30 वर्षीय छोटी पत्नी निवासी विजय व 11 माह के नाती अभिषेक के साथ किराए के मकान में रहती है। सोमवार का पार्वती के बेटे आकाश व अरविंद निवासीगण थाना क्षेत्र बड़ौत जनपद बागपत घर पर आए। रात्रि में किसी बात को लेकर उनका अपनी बहन छोटी से विवाद हो गया। विवाद होने पर दोनों भाइयों ने अपनी बहन के साथ मारपीट कर दी। बेल्ट से गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। मारपीट के दौरान बहन की गोद में उसका 11 माह का बेटा उछलकर दूर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। चीख-पुकार सुनकर मौहल्ले व मकान के ऊपरी मंजिल में रह रहे दूसरे किराएदार नीचे आए। हालांकि तब तक दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गए। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जबकि महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली रैफर कर दिया गया। इस दौरान पड़ौसियों व आसपास के लोगों से घटना को लेकर जानकारी भी जुटाई गई। मारपीट की घटना देर रात्रि की बताई जा रही है। जिसकी सूचना सुबह पुलिस को दी गई।

## और कसा शिकंजा, अतिक्रमण के बाद अब ई- रिक्शाओं व हेलमेट पर कटे चालान

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** आगामी त्यौहार को देखते हुए यातायात पुलिस और



पालिका ने अपनी कमर कस ली है। पहले हेलमेट फिर ई रिक्शा और अब अतिक्रमण पर चालान की शुरू हुई कार्रवाई के चलते शहर की सड़के अब सकून से चलने फिरने लायक दिखाई देने लगी है। ऐसे में यातायात पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख बाजारों में सड़क पर किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया तथा यातायात नियमों का



उल्लंघन व बेतरतीब वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों 41 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान शासन द्वारा जारी 01 सितंबर से 30 तक चलने वाले 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस की टीम के द्वारा 67 चालान नगर की अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर जाकर किए गए हैं। मुजफ्फरनगर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ एवं सुगम बनाये रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में सड़क पर अतिक्रमण व बेतरतीब वाहन पार्क कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात ऋषिका सिंह तथा प्रभारी यातायात उप निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस के सहयोग से यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों मालवीय चौक, होली एन्जेल स्कूल के सामने, बालाजी चौक, आर्यपुरी बच्चा जेल, नेहरू नगर आदि स्थानों पर दुकानदारों के द्वारा जो अतिक्रमण किया गया था, उसे हटवाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत सभी व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों के सामने किसी प्रकार का अतिक्रमण कर यातायात व सार्वजनिक मार्ग को बाधित न करें। व्यापारियों

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

## मोती झील में तैरता मिला महिला का शव

### पारिवारिक कलह के चलते महिला ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब मोतीझील में एक महिला का शव तैरते हुए देखा गया। जानकारी जुटाई गई तो महिला द्वारा छलांग लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई। पुलिस ने शव को मोती झील से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और परिजनों को इसकी सूचना दी।बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रुप से परेशान चल रही थी। मंगलवार सुबह लगभग साढे पांच बजे महिला को मोती झील के समीप देखा भी गया था, जिसने मोती झील में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला सुबह से ही अपने घर से लापता चल रही थी। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। दोपहर के समय महिला का मोतीझील में शव देखकर लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि मृतका की शिनाख्त सुकलेश पत्नी बिल्लु निवासी पिनना के रुप में हुई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।





## दुकान पर सो रहे युवक का गोली लगा शव मिला

**मीरापुर, 16 सितम्बर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बलीपुरा के समीप टायर पेंचर की दुकान करने वाले युवक का दुकान पर ही गोली लगा शव मिला। शव मिलने से पुलिस में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव गढ़ी मुझेड़ा निवासी फरमान पुत्र इकबाल(24 वर्ष) दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर गांव बलीपुरा के समीप अरदास ढाबे के बराबर में टायर पेंचर की दुकान करता था। सोमवार की शाम फरमान घर से करीब 8 बजे दुकान पर आया था तथा प्रतिदिन की तरह फरमान रात्रि में अपनी दुकान पर सोया हुआ था। मंगलवार की सवेरे एक कार चालक हवा डलवाने के लिए दुकान पर आया, तो फरमान का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा दिखाई दिया। उसकी कनपटी पर सटाकर गोली मारी गई थी। कार चालक ने शोर मचाया तो होटल से दौड़कर युवक वहाँ पहुँचे। मृत पड़े फरमान को देखकर होटलकर्मियों ने मृतक के घर सूचना दी, जिस पर मृतक फरमान के पिता इकबाल व अन्य परिजन मौके पर आ गए और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा पुलिसफोर्स के साथ मौके पर पहुँच गए। मृतक के परिजनों ने पुलिस से फरमान की हत्या



किये जाने की आशंका जताई। परिजनों ने युवक की रात्रि में किसी अन्य स्थान पर हत्या कर शव को यहाँ लाकर रखने की आशंका जताई। दिन निकलते ही शव मिलने की सूचना पर सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर भी मौके पर आ गए। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा की सूचना पर एफएसएल की टीम भी मौके पर आ गई तथा शव के पास से खून के नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या का मानकर चल रही है, जबकि मौके पर कोई तमंचा या पिस्टल पड़ा हुआ नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नही आई थी। शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुँच गया। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

......इन्होंने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, किन्तु फिर भी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर काफी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। अभी कोई तहरीर नही आई है तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर लिया जाएगा।- बबलू कुमार वर्मा इंस्पेक्टर मीरापुर।

## लापता युवक का शव नहर से बरामद, गांव में पसरा मातम

**भोपा, 16 सितम्बर (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी 24 वर्षीय युवक इमरान बीते सोमवार को लापता हो गया था। ग्रामीण और परिजन तभी से उसकी तलाश में जुटे हुए थे। युवक की तलाश के दौरान मंगलवार सुबह किसी ग्रामवासी को कम्हेड़ा के पास नहर के किनारे उसकी चप्पल और कपड़े मिले, जिसके बाद ग्रामीणों को उसके गंग नहर में डूबने की आशंका हुई। ग्रामीणों द्वारा तुरंत ही नहर का पानी रुकवाकर युवक की तलाश के लिए अभियान शुरू कराया गया। घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर को कम्हेड़ा और ढासरी गांव के बीच नहर से युवक का शव बरामद हो गया। युवक का शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही ककरौली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। हालांकि परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इन्कार कर दिया और शव को अपने साथ ले गए और शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। इमरान की असमय मौत से गांव में मातम का माहौल है। माता-पिता, भाई फुरकान और उसकी चार बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर किसी की आंखें नम हैं और गांव में गहरा सन्नाटा छाया हुआ है।



## युवक को घेरकर कर किया विशेष समुदाय के दबंगों ने मारपीट

### यशवीर महाराज ने की पंचायत की घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** मसूंरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी नाबालिक नितिन कश्यप को गांव पुरबालियान के पेट्रोल पंप पर गांव के ही विशेष समुदाय के लडकों ने बेल्ट लाठी डण्डे लोहे की राड से बुरी तरह मारा पीटा जिससे उसके पूरे शरीर पर पिटाई के निशान पड़ गए। लडके के परिवार ने थाने में लिखित तहरीर दी जिसका आरोप है कि, अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई है जिसके बाद पीड़ित ने यशवीर महाराज के आश्रम जाकर अपनी आपबीती सुनाई जिसमें मुजफ्फरनगर पुलिस कप्तान से आग्रह किया गया कि, तत्काल इस मामले का संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज कर सख़्त से सख्त कार्रवाई की जाएं। इस दौरान यशवीर महाराज ने अपना बयान जारी करते हुए पुलिस से घटना में तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं होने और गिरफ्तारी नहीं होने पर पुरबालियान कूच करने की बात कही और जेहादियों की बस्ती में जाकर हिन्दू महापंचायत करने का आह्वान किया।



## वेतन विवाद में पालिका में शुरू हुई रार, काम बंद हड़ताल

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** पालिका कर्मियों ने वेतन भुगतान और उपेक्षा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर पालिका मुख्यालय में कार्य का बहिष्कार करते हुए

### दफ्तरों में तालाबंदी करते हुए टाउनहाल में दिया धरना-प्रदर्शन

काम बंद हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने एकजुट होकर टाउनहाल में धरना देकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी संगठन के आह्वान पर हुए इस आंदोलन में कर्मियों ने पालिका मुख्यालय के सभी दफ्तरों को तालाबंदी करने के साथ पालिका प्रशासन पर उत्पीड़न तथा अपमानित करने के गंभीर आरोप लगाए। गुस्साए कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र नहीं मानी गई तो आंदोलन को लंबा और व्यापक रूप दिया जाएगा।

पालिका के दो अफसरों समेत 12 कर्मचारियों के उत्पीड़न से आहत स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन ने अध्यक्ष ब्रजमोहन के नेतृत्व में सोमवार को टाउनहाल में बेमियादी धरना शुरू कर बड़ा आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है। पालिका ईओ पर इस मामले में उपेक्षा के गंभीर आरोप लगाते हुए संगठन ने स्पष्ट किया कि वेतन बहाली का आश्वासन न मिलने के चलते कर्मचारियों के हितों को लेकर मंगलवार से कार्य बहिष्कार करते हुए पालिका में बेमियादी धरना शुरू करने के लिए विवश हुए हैं। उन्होंने कहा कि पालिका कर्मचारी अल्प वेतन भोगी कर्मियों की श्रेणी में हैं, जिनका अक्सर वेतन रोक दिया जाता है। वेतन रोके जाने पर ऐसे में उन्हें मानसिक व आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं कर्मियों को दफ्तरों और सार्वजनिक स्तर पर अपशब्द कहकर अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, कोई कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचेगा। तनवीर आलम के संचालन में




संपन्न धरने पर मुख्य रूप से संगठन के मंडल प्रभारी मोहन वैद, मंडल अध्यक्ष मौ. सालिम, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार, शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन, महामंत्री सुनील वर्मा, लिपिक गोपीचंद वर्मा, प्रवीण कुमार, गगन महेन्द्रा, नितिन कुमार, फिरोज खां, नदीम खां, मैनपाल, राजीव वर्मा, दुष्यंत, अशोक कुमार, मनोज बालियान, मनोज पाल समेत सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल रहे।

### पहली बार बिलिंग काउंटर रहे बंद, ठेका कर्मी भी शामिल

मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)। पालिका कर्मियों की शुरू हुई हड़ताल को लेकर सोमवार को पूरा मुख्यालय ही बंद कराया गया। इस बार पहली बार राजस्व प्राप्ति के लिए अवकाश के दिनों में भी खोले जाने वाले कर और जलकल विभाग के बिलिंग काउंटर भी बंद कराये गये। इसके साथ कार्यालयों में ठेका कर्मचारी के रूप में कार्य करने वाले सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर व दूसरे कर्मियों को दफ्तरों से बाहर निकालकर ताला लगा दिया गया। ऐसे में बिल जमा कराने के साथ अन्य कार्यों के लिए टाउनहाल पहुंचने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार में भी जारी रहेगी हड़ताल

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन की नगरपालिका परिषद् इकाई ने ईओ पर कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए सोमवार को बेमियादी

### कर्मियों ने पहले हाजिरी लगाई, फिर की कामबंद हड़ताल

हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल को लेकर संगठन अध्यक्ष ब्रजमोहन ने कहा कि सोमवार व मंगलवार को दोनों दिन ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह कार्यालय में मौजूद रहीं और संज्ञान में होने के बाद कर्मचारियों के प्रकरण में उन्होंने वार्ता के लिए संगठन के लोगों को नहीं बुलाया। उन्होंने कहा कि मंगलवार में अनदेखी के कारण ही सवेरे सभी कर्मचारियों ने कार्यालय में उपस्थित होकर हाजिरी लगाई और फिर कार्य बहिष्कार किया। संगठन से शाम तक भी कोई वार्ता नहीं की गई, ऐसे में बुधवार को भी कार्यालयों में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद हड़ताल की जायेगी। संगठन की ओर से पालिका प्रशासन से समझौता करने के लिए पांच प्रमुख मांग रखी गई हैं। इनमें लगातार अनुपस्थित चल रहे एक अनुचर को छोड़कर सभी का वेतन जारी करने, आकस्मिक अवकाश में पालिका अधिनियम की व्यवस्था लागू करने, पालिका



अधिनियम के तहत लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी का स्थानांतरण करने, निर्धारित ड्यूटी टाइम से ज्यादा काम करने पर कर्मियों को वेतन से अलग प्रोत्साहन राशि देने, पंजीकृत कर्मचारी संगठनों के लिए मुख्य सचिव के आदेश का अनुपालन कराने की मांग शामिल हैं।

## पालिका ईओ और लेखाकार में हुई तीखी तकरार

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** पालिका में अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन रोकने के मामले में शुरू हुई कामबंद हड़ताल के साथ ही लड़ाई लंबी होने के आसार दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में पालिका कार्यालय बंद होने पर अधिकारी भी तनावग्रस्त दिखाई दिए। पालिका में कर्मियों की हड़ताल के बीच कार्यालय में पहुंची ईओ ने वेतन जारी करने के आदेश का पालन नहीं होने पर लेखाकार को तलब किया तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि 12 सितम्बर को स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन और महामंत्री सुनील वर्मा ने मुख्य कार्यालय के डाक में पत्र रिसीव कराया। ये पत्र उन्हें सोमवार में सुबह कार्यालय पहुंचने पर मिला। उसी समय उन्होंने लेखाकार को कर्मियों का वेतन जारी करने के लिए पत्र पर आदेश करते हुए तत्काल पालन के लिए कहा था, लेकिन वेतन जारी करने में कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई गई और नौबत हड़ताल तक पहुंच गई। ईओ ने इसकी जवाबदेही तलब करने के लिए ही अपने कार्यालय में लेखाकार प्रीति रानी को बुलाया तो पूछताछ दोनों के बीच तीखी बहस में बदल गई। उधर, प्रीति रानी लेखाकार ने कहा कि उन्होंने पत्र कार्यवाहक टीएस पारूल यादव को भेज दिया था, क्योंकि आपने वेतन रोके जाने पर आख्या देने के लिए आदेश किया था, लेकिन वेतन जारी करने के लिए कोई आदेश नहीं दिया। ईओ ने इसे झूठ बताते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी तो लेखाकार प्रीति रानी अभद्रता करते हुए जो होगा देखा जायेगा, जैसे शब्द कहकर उनके कार्यालय से बाहर चली गई। ईओ का कहना है कि लेखाकार ने अपनी जवाबदेही से बचने के लिए आदेशों की अवहेलना की और उनके साथ अभद्रता की गई, इसके लिए वो जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत करेंगी।

## नगर पालिका ईओ ने लेखाकार व पटल लिपिकों को भेजा नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** नगरपालिका में कर्मियों का वेतन रोके जाने के परिपेक्ष्य में शुरू कामबंद बेमियादी हड़ताल को लेकर अब अफसरों के बीच ही विवाद खड़ा हो गया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और लेखाकार प्रीति रानी के बीच कार्यालय में हड़ताल नोटिस के निस्तारण को लेकर दिए आदेशों की अवहेलना के आरोपों के साथ तीखी बहस हुई, जो एक गहरी तकरार तक पहुंच गई। ईओ ने लेखाकार को नोटिस जारी करते हुए जहां एक ओर इस मामले में जवाब तलब किया है, वहीं टैक्स विभाग का कैश काउंटर बंद करने और जन्म मृत्यु पटल पर सोमवार को काम नहीं करने के कारण दो लिपिकों को भी नोटिस भेजा गया है। नगरपालिका परिषद् में शुरू हुई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह का आरोप है कि उन्होंने कर्मियों का वेतन जारी करने का आदेश दिए थे, लेकिन लेखाकार प्रीति रानी ने आदेशों की अवहेलना की और जवाबदेही से बचने का प्रयास किया। मामले में विवाद बढ़ने पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने लेखाकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। वहीं, टैक्स काउंटर और जन्म-मृत्यु जैसे महत्वपूर्ण पटल बंद करने पर संबंधित लिपिकों को भी कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया। इन नोटिसों के जारी होने से अब पालिका में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।




## तत्काल के बाद जनरल रिजर्वेशन में भी ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी

**नई दिल्ली, 16 सितंबर (एजेंसी)।** इंडियन रेलवे 1 अक्टूबर से ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। रेल मंत्रालय ने ऐलान किया है कि अब तत्काल टिकट की तरह ही जनरल रिजर्वेशन (सामान्य आरक्षण) टिकट की बुकिंग करते वक्त भी ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। रेल मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार आईआरसीटीसी वेबसाइट या एप पर जनरल रिजर्वेशन खुलने के पहले 15 मिनट में टिकट बुक करने के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इससे फर्जी आईडी, एजेंट्स की टिकटों की कालाबजारी और बॉट्स की बुकिंग पर लगाम लगेगी। अगर आपका आईआरसीटीसी अकाउंट पहले से आधार से लिंक है, तो बुकिंग आसान रहेगी। वेटिंग कम होगी, और टिकट्स जल्दी कन्फर्म होंगे। रेलवे के कंप्यूट्रीकृत पीआरएस काउंटरों पर जनरल रिजर्वेशन टिकट बुक करने का पुराना शेड्यूल वही रहेगा। साथ ही रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट्स के लिए पहले दिन टिकट बुकिंग पर 10 मिनट की पाबंदी भी बिना किसी बदलाव के जारी रहेगी।

# एक तो डायरिया और वायरल नहीं छोड़ रहे हैं जान, लोग भीड़ जमा करने से नहीं रहे हैं मान

## ▶▶ भीड़ लगाने से मना करने पर किसान यूनियन ने दे डाली डॉक्टर को धमकी

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (एजेंसी)।** जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अस्पताल में डायरिया और मौसमी वायरल ने डॉक्टरों की चिंता बढ़ा रखी है। ऐसे में डॉक्टर प्रतिदिन 1000 से ज्यादा लोगों की जांच कर रहे हैं। वहीं आपको यह जानना जरूरी है कि वायरल एक ऐसा रोग है, जो हवा से हवा यानि एक-दूसरे से फैलता है। ऐसे में डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें, पर यहां तो उल्टी ही गंगा बहने लगी है। आज जब जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर योगेन्द्र त्रिखा और उनके सहायक डॉक्टर उमंग अपने कैबिन में डायरिया और वायरल मरीजों की जांच कर रहे थे, ऐसे में अचानक एक साथ भीड़ डॉक्टर के केबिन में आ गई। इस दौरान डॉक्टर के सहायक सभी से कमरे से बाहर जाने का अनुरोध करने लगे, लेकिन वहां एक व्यक्ति आया और धक्का-मुक्की करने लगा। ऐसे में डॉक्टर त्रिखा खुद भीड़ को कमरे से बाहर जाने का अनुरोध करने लगे, तो उस व्यक्ति ने कहा कि तुम किसान यूनियन के लोगों के साथ ऐसा नहीं कर सकते हो। अब यह खुद अपने आप में समझने वाली बात है कि जो डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डालकर इस खतरनाक वायरल, जिसके प्रतिदिन 500 से ज्यादा मामले आ रहे हैं, जोकि हवा से एक-दूसरे को फैलता है, का इलाज कर रहा है, ऐसे में उस डॉक्टर को धमकाना कहां तक सही होगा? हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है कि अस्पताल स्टाफ का कहना है कि ऐसे लोग अक्सर आते रहते हैं। डॉक्टर योगेंद्र त्रिखा को अक्सर देखा गया है कि वो कई बार 2 बजे के बाद भी मरीजों को समय देते हैं। ऐसे में इस तरह से डॉक्टर के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करना अपने आप में शर्मनाक बात है। इस मामले में हम यह नहीं कहते हैं कि लोग तकलीफ में नहीं हैं। लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऊपर से डायरिया और वायरल से लोग पहले ही परेशान हैं। जाहिर है कि अस्पताल में लोग शौंकिया नहीं आते हैं, जो डॉक्टर उन्हें समय से देख रहे हैं, उससे विनम्रता से भी आग्रह किया जा सकता है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की कोशिश रहती है कि लोगों को जागरूक किया जाये और प्रशासन हो या अस्पताल प्रशासन हो सभी को अलर्ट किया जाये, लेकिन जहां बात गलत और सही की हो तो वहां सही का साथ देना उचित होता है।







## किसान यूनियन का नेता बोला पहले मेरी बेटी को चैक कर लो

**मुजफ्फरनगर।** जहां एक तरफ तो मरीजों की डॉक्टरों के पास भीड़ लगी रहती है। डॉक्टर की कोशिश रहती है कि सभी मरीजों की निष्पक्षता से जांच की जाये। ऐसे में कोई आकर कहे कि मैं किसान यूनियन का हूं और मेरी बेटी की जांच पहले करो। ऐसे में सवाल है कि आखिर कब तक यह लोग हरे पटके का इस्तेमाल करके विभागों में अपनी धोंस जताएंगे और अधिकारियों को डराएंगे। यह गहन चिंतन का विषय है।

## जिला अस्पताल में डेंगू का मरीज आया सामने

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि जिला अस्पताल में डेंगू का मामला सामने आया है। यह मामला आने के बाद फौरन मरीज को डॉक्टर त्रिखा ने जांच करवाई और उसे चिकित्सकों की निगरानी में स्पेशल वार्ड में भर्ती कर दिया है। डॉक्टर योगेन्द्र त्रिखा ने बताया कि वो मरीज के स्वास्थ्य पर पूरी तरह से नजर बनाये हुए हैं। डॉक्टर योगेंद्र त्रिखा ने यह भी बताया कि जिला अस्पताल में डेंगू की दवाई उपलब्ध है। लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है, तभी डेंगू को हराया जा सकता है।

# दादा पोते से हुई लूट का बुढ़ाना पुलिस ने किया खुलासा

## ▶▶ लूटे गए सोने-चांदी के सभी आभूषण बरामद, एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** बुढ़ाना पुलिस ने सर्राफा व्यापारी से लूट मामले में बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया, जबकि इस मुठभेड़ में उसके दो साथी मौके से फरार होने में कामयाब भी हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश से लूटे गए जेवरात व एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि सर्राफ कारोबारी नेमचंद अपने पौते के साथ बाइक पर सवार होकर 14 सितम्बर को दुकान जा रहे थे। रास्ते में ही तीन बदमाशों के द्वारा दोनों को आतंकित कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूट ली। पुलिस की तीन टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी, जिनको मंगलवार को पुलिस को सफलता मिली, बुढ़ाना पुलिस को सूचना मिली कि मंदवाड़ा के रास्ते तीन बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की



फिराक में है, तो पुलिस ने मौके पर बदमाशों की घेराबंदी की, तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश महताब उर्फ कल्लू निवासी गांव मंदवाड़ा थाना बुढ़ाना घायल हो गया।, जबकि उसके दो साथी ईंख के खेत में घुसकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश से लूटे गए जेवरात व तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भिजवा दिया है। उसके फरार साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## बुलेट-स्कूटी की भिड़ंत में ग्रामीण हुआ घायल

**बुढ़ाना, 16 सितम्बर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर दताना गांव निवासी कुलदीप पुत्र सुरेश कुमार आज मंगलवार के दिन अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर किसी काम के लिए बुढ़ाना आ रहा था, जबकि कुलदीप के गांव कुतुबपुर दताना का ही राकेश कुमार का लड़का अपने काम को निपटाकर बुलेट पर सवार होकर बुढ़ाना कस्बे से अपने गांव कुतुबपुर दताना जा रहा था, जब दोनों बुढ़ाना कस्बे के चंधेड़ी रोड पर आए तो मसीही पब्लिक स्कूल के समीप ही तेज रफ्तार बुलेट ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कुलदीप गंभीर रुप से घायल हो गया और उसकी स्कूटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। आते-जाते लोगों ने घायल कुलदीप को कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया और इसकी सूचना कुलदीप के परिजनों को दी। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिल गयी थी। बताया जाता है कि कुलदीप के कूल्हे की हड्डी टूट गयी और उसकी हालत भी गंभीर है। समाचार लिखे जाने तक कुलदीप की हालत गंभीर बनी हुई थी और इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर परिजनों की तरफ से नहीं मिली थी।

# राहत : 2017 से 2021 तक के करीब 30 ई-चालान होंगे माफ

## उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने लिया अब तक का बड़ा फैसला

**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी के परिवहन विभाग ने लोगों को एक बड़ा तोहफा दिया है। जानकारी के अनुसार 2017 से 2021 के बीच काटे गए लाखों ई-चालान माफ कर दिए हैं। इससे सीधे तौर पर लाखों वाहन मालिकों को राहत मिली है। अब इन चालानों को पोर्टल पर यदि मामला कोर्ट में लंबित था और यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है, की श्रेणी में दिखाया जाएगा। साथ ही इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि, टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे। परिवहन विभाग के अनुसार 2017 से 2021 के बीच कुल 30, 52,090 ई-चालान काटे गए थे। इनमें से 12,93,013 लंबित थे, जबकि 17,59, 077 पहले ही निस्तारित हो चुके हैं। इस निर्णय के बाद अब ये ई-चालान खुद ही निरस्त हो जाएंगे। इसके साथ ही एक महीने के भीतर सभी चालानों की स्थिति पोर्टल पर अपडेट कर दी जाएगी। जहां वाहन मालिक चालान का स्टेटस देख सकेंगे।

### वाहन मालिकों के लिये जरूरी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** यदि आपका चालान 2017-2021 का है और पोर्टल पर अभी भी लंबित या कोई ब्लॉक दिखा रहा है, तो एक महीने बाद ई-चालान/परिवहन पोर्टल पर जाकर स्थिति जांचें। अगर मामला कोर्ट में पेंडिंग था, तो "Disposed – Abated" दिखेगा और सभी अवरोध हट जाएंगे। टैक्स वाले मामलों में यह राहत लागू नहीं होगी और वे केवल टैक्स कानून के तहत ही निस्तारित होंगे। मदद के लिए हेल्पलाइन 149 या नजदीकी आरटीओ/ एआरटीओ से संपर्क किया जा सकता है। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा, जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है।

## बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर, हालत स्थिर

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** थाना तितावी क्षेत्र के अंतर्गत माढ़ी गांव निवासी 23 वर्षीय संजीव पुत्र ओम लाल बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल संजीव को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज किया गया। समाचार लिखे जाने तक संजीव की हालत स्थिर बनी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा ग्रामीण रैफर

**बुढ़ाना, 16 सितम्बर (बु.)।** बेहोशी की हालत में एक ग्रामीण सड़क पर लावारिस हालत में कई घंटों तक पड़ा रहा। बाद में युवक की उसके परिजनों ने ही मौके पर पहुंचकर शिनाख्त कर उसको एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई गयी है। बुढ़ाना पुलिस को भी घटना की सूचना मिल गयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे की सफीपुर पट्टी लुहसाना रोड पर कैंत वाली मस्जिद के समीप एक युवक सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ आते-जाते हुए राहगीरों को दिखा, तो उन्होंने उसे देखा, तो उसकी सांसें चल रही थी, तब इस युवक की सूचना पूरी बस्ती में फैल गयी। कुछ लोग भी मौके पर आए, तो उन्होंने युवक की शिनाख्त अपने 25 वर्षीय पुत्र आबिद पुत्र अबरार कुरैशी के रुप में की तो परिजन उसे फौरन हस्पताल ले गये। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को मिली, तो पता लगा कि बेहोश युवक ने शराब पी हुई है और कोई कीटनाशक पदार्थ भी खाया हुआ है। उसको शराब और जहर किसने दिया या उसने खुद ही सेवन किया है। इसकी जांच बुढ़ाना पुलिस ने शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक आबिद की हालत खराब बताई जा रही थी और चिकित्सक उसका उपचार कर रहे थे।

# 100 साल पुराने बुढ़िया के मंदिर पर विवाद, बताया जा रहा किराये पर बिगड़ी बात

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** शहर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पुरानी घास मंडी में 100 साल पुराने बुढ़िया के मंदिर के नाम से मशहूर शिव मंदिर में चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर की दुकानों का किराया बढ़ाने को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब अवैध कब्जे और मंदिर के पुरोहित के कथित शोषण का मुद्दा बन गया है। इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए शिवसेना के कार्यकर्ता गुरुवार को विरोध प्रदर्शन करने के लिए मौके पर पहुंचे और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। दरअसल, छह महीने पहले गठित की गई मंदिर की कमेटी में पूरे 11 सदस्य है, जिन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू कराया, तो निर्णय लिया गया कि 40-40 वर्षों से मंदिर की दुकानों में काबिज दुकानदारों से किराया बढ़ाकर लिया जाए, जिससे मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग भविष्य में भी होता रहे, लेकिन इसी बीच कई तरह के आरोप लगने कमेटी पर शुरू हो गए। कुछ दुकानदारों ने मंदिर



की जमीन पर अवैध कब्जा होने का अंदेशा लगाया, तो कुछ नेताओं ने मंदिर में लगे पीपल के पेड़ को कटवाने के आरोप लगाए, इतना ही नहीं मंदिर में रह रहे ब्राह्मण परिवार के उत्पीड़न की बात भी मंच पर सभी से साझा की गई। स्थानीय निवासियों की भी इस पर अपनी अलग-अलग राय है। कुछ का कहना है कि वर्षों पुराने मंदिर में अबतक किसी एक ईंट को लगाने की किसी ने नहीं सोची और अब इसका विरोध ठीक नहीं। तो कुछ दुकानदारों के किराए को बढ़ाने की बात से सहमत दिखे और इस विवाद को सड़क पर लाने का विरोध करते दिखे। इस दौरान शिव सेना के इस धरने में भावुकता भी दिखाई दी, जिसमें पीड़ित ब्राह्मण परिवार के शोषण की बात सामने आने पर महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विरोध में खड़े दिखे। शिवसेना युवा जिलाध्यक्ष शैकी शर्मा का कहना है कि यह मंदिर और धर्मशाला सैकड़ों साल पुराने हैं और यहां की संपत्ति का दुरूपयोग हो रहा है। जिलाधिकारी के नाम एक 7 सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा गया है, जिसमें मुख्यतः मंदिर के बाहर मुस्लिम युवक द्वारा कबाड़ की दुकान को हटाने की मांग और नवनिर्मित कमेटी को भंग करने की मांग उठाई गई है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि मंदिर की गरिमा और संपत्ति की रक्षा की जा सके। फिलहाल, प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है, लेकिन स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों में इसे लेकर रोष बना हुआ है।

# देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने से तबाही

**देहरादून, 16 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड में मौसम का कहर जारी है। देहरादून में सहस्त्रधारा कालीगार्ड क्षेत्र में सोमवार देर रात बादल फटने से काफी नुकसान हो गया। कई दुकानें पानी की तेज धारा में बह गईं। करीब 100 लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया है। दो गायब लोगों की तलाश की जा रही है। बादल फटने के बाद देहरादून के सभी स्कूल मंगलवार के लिए बंद कर दिए गए हैं। मालदेवता में पुल की एप्रोच रोड टूट गई है। उफनाई नदियों ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। ऋषिकेश में चंद्रभागा नदी उफान पर है। एसडीआरएफ ने नदी में फंसे तीन लोगों को रेस्क्यू किया है। वहीं, देहरादून-हरिद्वार राष्ट्रीय मार्ग पर फन वैली और उत्तराखंड डेंटल कॉलेज के नजदीक स्थित पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। एनडीआरएफ के साथ एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। घटना में कुछ दुकानें बह गई हैं, लेकिन जान-माल की हानि नहीं हुई है। दो लोग मिसिंग हैं, जिनकी खोजबीन की जा रही है। जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। बताया जा रहा है कि सहस्त्रधारा के मुख्य बाजार में मलबा आने की वजह से तीन बड़े होटल और कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह घटना सोमवार देर रात साढ़े 11 बजे की है। कार्डीगढ़ में बादल फटने के बाद मुख्य बाजारा में बड़े पैमाने पर



मलबा आ गया। करीब 100 लोग बाजार में फंस गए थे, जिन्हें गांव वालों ने सकुशल बचा लिया है। दूसरी ओर, आईटी पार्क के पास भी बड़ी मात्रा में मलबा आ गया। इससे सान्ग नदी का जलस्तर बढ़ गया। पुलिस ने आसपास रहने वालों को सतर्क कर दिया है।

## करीब 70 लाख रुपयों से होगा मंदिर का जीर्णोद्धार, श्रद्धालु कर रहे गुप्त दान

**मुजफ्फरनगर, 16 सितंबर (बु.)।** प्राचीन शिव मंदिर का करीब 70 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस पुनीत कार्य के लिए श्रद्धालुओं द्वारा गुप्त दान दिया जा रहा है, जिससे जीर्णोद्धार का कार्य भी शुरू करा दिया गया है। मंदिर में विशाल हनुमानजी की मूर्ति, शनि शिला, श्रीराम दरबार लगाने की योजना भी इसी में शामिल है। शिव मंदिर वैसे तो अपने 100 वर्ष के ऐतिहासिकता और भगवान शिव की विशाल प्रतिमा की सुंदरता के लिए जाना जाता था, लेकिन अब मंदिर की पुरानी संरचना समय के साथ कमजोर होने के चलते इसकी भव्यता को निखारने का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें धर्मशाला का कार्य भी शामिल है। दान द्वारा प्राप्त राशि जन सहयोग और गुप्तदान से जल्द ही पूरी हो जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार इस मंदिर निर्माण में लोग नेक काम के लिए खुलकर दान दे रहे हैं, जिसके चलते कई भक्त अपनी पहचान गुप्त रखी गई है।

## अगर मौसम ने दिया साथ आज से शुरू हो जायेगी माता वैष्णो की यात्रा

**जम्मू, 17 सितंबर (एजेंसी)।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने अपने एक्स हैंडल पर रात्रि 08:30 बजे जानकारी दी कि बुधवार यानी आज से मां वैष्णो देवी की यात्रा सुचारु की जा सकती है अगर मौसम ने साथ दिया तो। जिसको लेकर कटड़ा में रुके श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ आई है। पर बुधवार यानी कि आज यह देखना जरूरी होगा की मौसम किस तरह से साथ देता है अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो मां वैष्णो देवी की यात्रा 22 दिन के उपरांत बुधवार यानी कि आज शुरू हो सकती है। बता दें कि इससे पहले बीते शुक्रवार को श्री माता वैष्णो देवी साइन बोर्ड ने अपने



एक्स हैंडल पर जानकारी दी थी कि बीते रविवार को मां वैष्णो की यात्रा शुरू की जाएगी परंतु अचानक मौसम में करवट बदली और लगातार बारिश शुरू हो गई। जिसके चलते श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को यात्रा शुरू करने का फैसला वापस लेना पड़ा । हालांकि आधार शिवीर कटड़ा में रुके श्रद्धालु लगातार मांग कर रहे हैं कि उन्हें मां वैष्णो देवी की ओर प्रस्थान करने की इजाजत दी जाए। पर मौसम पल-पल अपने रंग बदल रहा है जिसके कारण मां वैष्णो देवी की यात्रा सुचारू नहीं हो पा रही है। हालांकि अभी भी मौसम के कुछ तेवर बदले हुए हैं जिसके कारण बीच-बीच में हल्की बुटाबंदी हो रही है। पर बुधवार यानी कि आज अगर मौसम ने साथ दिया तो मां वैष्णो देवी की यात्रा 22 दिन के उपरांत शुरू हो सकती है।

### शेष समाचार : और कसा शिकंजा

को यह भी सूचित किया गया कि भविष्य में अतिक्रमण पाए जाने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन और बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत कुल 67 वाहनों का चालान किया गया। 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान के अंतर्गत आज यातायात पुलिस की टीमों के द्वारा 23 वाहनों के विरुद्ध नगर के विभिन्न पेट्रोल पम्पों पर पहुंचकर चालान की कार्रवाई की गई। नो-ई रिक्शा जोन में चलने वाले 21 ई-रिक्शाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस आम नागरिकों एवं व्यापारियों से इस दौरान माइक पर अपील भी करती करती नजर आई कि यातायात नियमों का पालन करें, सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें तथा अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। हेलमेट का सदैव प्रयोग करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इस अभियान में यातायात उपनिरीक्षक देवकीनन्दन, तरुण कुमार, सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भीम आर्मी जिला महासचिव को लाठी-डंडों से जमकर पीटा, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**चरथावल, 16 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सैद नंगला निवासी भीम आर्मी जिला महासचिव ने गांव के दो लोगों पर रंजिशन रास्ते में गाली-गलौच के साथ लाठी-डंडों से हमला व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने दो व्यक्तियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया। मामले की जांच सीओ सदर करेंगे। मंगलवार को चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम सैद नंगला निवासी भीम आर्मी जिला महासचिव रणजीत ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि एक सप्ताह पूर्व दीवार पर पोस्टर लगाने को लेकर गांव के सईदुजम्मा व दानिश से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद की रंजिश में जब वह मंगलवार को करीब ग्यारह बजे गांव रसूलपुर से अपने गांव सैद नंगला लौट रहा था, तभी पहले से रास्ते में घात लगाये बैठे दोनों आरोपितों ने गाली-गलौच हुए उसे रोक लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। मारपीट में घायल द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों के आने पर दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर दोनों के विरुद्ध



मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि रणजीत की तहरीर पर मारपीट व जातिसूचक अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता आदेश से उत्तर प्रदेश के लाखों शिक्षक परेशान

**लखनऊ, 16 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश ने प्रदेशभर के शिक्षकों में बड़ी चिंता पैदा कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जिन शिक्षकों की नौकरी में पांच साल से अधिक सेवा शेष है, उनके लिए टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो उन्हें या तो इस्तीफा देना होगा या फिर अनिवार्य सेवानिवृत्ति (कंपल्सरी रिटायरमेंट) लेनी पड़ेगी। अब शिक्षकों के मन में सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अगर परीक्षा पास नहीं कर पाए तो क्या होगा। इस आदेश के बाद सवाल उठने लगे हैं कि उत्तर प्रदेश के दो लाख से ज्यादा शिक्षकों का भविष्य क्या होगा। कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने वाले भरोसा स्थित मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह भी इसी चिंता में हैं। वह



1991 में शिक्षक बने थे, उस समय उनकी योग्यता इंटरमीडिएट थी। अब जब सुप्रीम कोर्ट का आदेश आया है, तो उनके माथे पर चिंता की लकीरें हैं। जिम्मेदारी सिर पर है और नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। नौकरी के केवल आठ साल बचे हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें। यह परेशानी केवल वीरेंद्र सिंह की नहीं है, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के दो लाख से अधिक शिक्षक इस स्थिति से जूझ रहे हैं। इन्हीं में से एक महिला शिक्षक सविता सिंह हैं। वह बीएससी और बीएड की डिग्री धारक हैं। उनका कहना है कि नौकरी के इतने साल बाद अगर टीईटी परीक्षा में असफल हो गए, तो फिर क्या होगा? इसी तरह संजय कुमार पांडेय, जो 1999 में खेल शिक्षक बने, भी परेशान हैं। उनके पास बीपीएड की डिग्री है लेकिन वर्तमान नियमों के अनुसार वे टीईटी परीक्षा देने के पात्र नहीं हैं।

## दो बाइकों के बीच भिड़ंत में बाइक सवार गम्भीर घायल

**चरथावल, 16 सितम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम महाबलीपुर-कुल्हेड़ी मार्ग पर दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में कुल्हेड़ी निवासी बाइक सवार युवक हुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी पर उपचार हेतु भर्ती कराया गया। गम्भीर हालत देखते हुए घायल को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस का घटना की जानकारी ली। मंगलवार को चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम महाबलीपुर-कुल्हेड़ी मार्ग पर दो बाइकों के बीच जोरदार भिंड़त हो गयी, जिसमे कुल्हेड़ी निवासी बाइक सवार नूरदीन पुत्र जमशेद 28 वर्ष घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर, मुज़फ़्फ़रनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. तृप्ति सक्सेना
डायरेक्टर – रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज

गुरुवार, 18 सितम्बर, 2025 | सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

आनंद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपा रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

समस्याएँ: थकान, वज़न घटना या बढ़ना, सूजन या गांठ असामान्य रक्त का बाहर निकलना इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91 821 8149646

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333